बुधवार
28 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



नए पुल पर बनी सड़क पर आने लगी दरार, आनन फानन में की मरम्मति 2



## देश को पांच वंदे भारत ट्रेनों की मिली सौगात, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के कमलापति रेलवे स्टेशन से ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी
- रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भी शुरुआत

**एजेंसी/भोपाल**

भारतीय रेलवे रेलवे के इतिहास में ऐसा पहली बार है, जब देश को एक साथ पांच ट्रेनों की सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक साथ पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भोपाल के कमलापति रेलवे स्टेशन से एक साथ 5 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस, धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस और रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।





**इन 5 रूट पर चलेगी वंदे भारत:**

**भोपाल से रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस:** मध्य प्रदेश में रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल और जबलपुर को एक दूसरे कनेक्ट करेगी। यह राज्य के कई टूरिस्ट प्लेस से गुजरेगी। इनमें भेड़ाघाट, पंचमढ़ी और सतपुड़ा शामिल हैं।

**खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस:** खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत ट्रेन राज्य के मालवा और बुंदेलखंड के इलाकों को भोपाल से जोड़ेगी। इस दौरान ये ट्रेन महाकालेश्वर, मांडू, महेश्वर, खजुराहो जैसे पर्यटन के अहम स्थानों से होकर गुजरेगी।

**रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस:** अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का परिचालन जहानाबाद, गया, बरकाकाना, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और मेसरा के रास्ते किया जाएगा। पटना से रांची के बीच दूरी ये ट्रेन सिर्फ 6 घंटे में पूरी कर लेगी। यह ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी।

**मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस:** मडगांव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन के बीच किया जाएगा। अब मुंबई से गोवा की दूरी को 7 घंटे में तय की जा सकेगी।

**धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस:** यह ट्रेन धारवाड़, हुब्बली और दावणगेरे को राजधानी बेंगलुरु से जोड़ने का काम करेगी।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन

यह देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जिसकी अधिकतम स्पीड 160 किमी/घंटा है। यह ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इनमें जीपीएस आधारित सूचना सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, वैक्यूम आधारित बायो टॉयलेट, ऑटोमैटिक स्लाइडिंग डोर और हर कोच में चार आपातकालीन पुश बटन हैं।

## नीतीश कुमार बन सकते हैं विपक्षी मोर्चे के संयोजक



**नई दिल्ली।** विपक्षी मोर्चे की उलझी पहेलियों के बीच नीतीश कुमार के संयोजक बनने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार विपक्ष की ओर से पीएम पद के सबसे बड़े दावेदार भी हो सकते हैं। इतिहास में एक बार ऐसा हो भी चुका है। राष्ट्रीय मोर्चा नाम से बने गठबंधन में विश्वनाथ प्रताप सिंह संयोजक थे और इसी मोर्चे ने उनको प्रधानमंत्री भी बना दिया था। दरअसल पटना में हुई बैठक में सभी 15 दल नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर एकमत नजर आए। शिमला मीटिंग में इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है। 10-15 जुलाई के बीच शिमला में विपक्षी एकता की 2 दिवसीय बैठक प्रस्तावित है।

गठबंधन की राजनीति में संयोजक का पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। 1996 में कम सीट होने के बावजूद हरिकिशन सुरजीत ने संयुक्त मोर्चा की सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा के कन्विनर रहे वीपी सिंह चुनाव के बाद प्रधानमंत्री बन गए। गठबंधन राजनीति के खेल में बीजेपी भी उतरी और समाजवादी जॉर्ज को एनडीए का संयोजक बनाया गया। अटल सरकार में मंत्रियों के पोर्टफोलियो तय करने में जॉर्ज की राय अहम मानी जाती थी। हालांकि, गठबंधन पॉलिटिक्स में कई ऐसे संयोजक भी रहे, जो सिर्फ मीडिया की सुर्खियां बनकर रह गए।

### खबरें फटाफट

#### सुपरटेक के मालिक आरके अरोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने रियल एस्टेट डेवलपर सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि आरके अरोड़ा की गिरफ्तारी पीएमएलए के तहत की गई है। मंगलवार को ईडी ने आरके अरोड़ा को पूछताछ के लिए बुलाया था। सुपरटेक ऑफ कम्पनीज और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ पहले से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग थानों में खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। जिसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी। जांच में पाया गया था कि खरीदारों से फ्लैट्स के नाम पर मोटी रकम ली की गई। उन्हें समय पर पजेशन नहीं दिया गया, साथ ही प्रोजेक्ट के नाम पर बैंकों से लिए गए लोन का भी इस्तेमाल नियमों के विपरीत किया गया।

#### उत्तराखंड में बीजेपी की चार रैलियां रद्द

**देहरादुन।** बीजेपी ने मिशन मोड में अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। उत्तराखंड में बीजेपी को झटका लगता नजर आ रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी की चार रैलियां होने वाली थीं, लेकिन ये सभी रैलियां अब स्थगित कर दी गई हैं। बीजेपी की रैली गढ़वाल, टिहरी, अल्मोड़ा और नैनीताल में होने वाली थी। जानकारों की मानें तो ये रैलियां खराब मौसम के कारण रद्द की गई है। इस संबंध में प्रदेश में पार्टी के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने रैलियों के रद्द होने की जानकारी दी है। हालांकि कुछ रैलियां पहले से तय समय पर ही होंगी।

### नीतीश की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर लगी मुहर

## अध्यापक नियुक्ति के लिए स्थायी निवासी होने की अनिवार्यता खत्म

- बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 15 जून से आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू, 12 जुलाई तक अंतिम तिथि
- बिहार के बाहर के अभ्यर्थी भी शिक्षक बहाली में कर सकते हैं आवेदन

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में शिक्षक नियुक्ति की नियमावली में बड़ा बदलाव किया गया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में संशोधन करते हुए कहा गया है कि अब शिक्षक बनने के लिए बिहार का स्थायी होना जरूरी नहीं है। पहले भर्ती के लिए बिहार का स्थानी होना जरूरी था। नई शिक्षक बहाली नियमावली के तहत बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 15 जून से आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू है। 12 जुलाई तक अंतिम तिथि है।

एक तरफ पहले से ही बिहार के शिक्षक संघ और 2019 के शिक्षक अभ्यर्थी नई शिक्षक बहाली नियमावली का विरोध कर रहे हैं तो अब राज्य सरकार ने नया नियम निकाल दिया है। कैबिनेट की बैठक में आज लिए गए इस निर्णय में यह साफ हो गया कि विद्यालय अध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए बिहार का स्थायी निवासी होने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। बिहार के बाहर के अभ्यर्थी भी शिक्षक बहाली में आवेदन कर सकते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की शर्त नहीं है।

**1 लाख 70 हजार 461 पदों के लिए है नियुक्ति :** बता दें कि बिहार में नई शिक्षक बहाली के तहत 1 लाख 70 हजार 461 पदों पर बहाली होनी है। इसकी अधिसूचना जारी हो चुकी है और नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू है। 15 जून से 12 जुलाई तक आवेदन भरने की तिथि है। अगस्त के अंत में परीक्षा लेने का समय निर्धारित किया गया है। बिहार लोक सेवा आयोग ने इसी साल रिजल्ट भी जारी करने का वादा किया है।

**हकमारी का काम किया गया :** बिहार सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के शिक्षक अभ्यर्थी नाराज दिख रहे हैं। छात्र संघ के नेता दिलीप कुमार ने बताया कि यह निर्णय बिहार सरकार का बहुत गलत है। बिहार के अभ्यर्थियों के लिए हकमारी का काम किया गया है। किसी भी राज्य में जो आरक्षण होता है वह उस राज्य के मूल निवासी का होता है। बिहार सरकार 35% आरक्षण महिलाओं को दे रही है तो बाहर की महिलाएं भी फॉर्म भरेंगी तो उसे भी आरक्षण मिलेगा।

**जरूरत पड़ी तो होगा उग्र आंदोलन :** इसके साथ ही कई राज्यों में भी राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति का विज्ञापन निकलता है तो उस राज्य के अभ्यर्थी को ही फार्म भरने का निर्देश होता है, लेकिन बिहार में इस तरह का किया जाना बिहार के युवाओं के लिए धोखा होगा। दिलीप कुमार ने कहा कि हम अभ्यर्थियों से बात कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो इस पर उग्र आंदोलन भी हम लोग करेंगे।

### पटना में तीन फाइव स्टार होटल निर्माण को हरी झंडी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट की बैठक में कुल 25 एजेंडों पर मुहर लगी। राजधानी पटना में तीन फाइव स्टार होटल के निर्माण को भी हरी झंडी मिल गई। पाटलिपुत्र अशोक, बांकीपुर बस स्टैंड और सुल्तान पैलेस में फाइव स्टार होटल का निर्माण होगा। इसके साथ ही नारी शक्ति योजना के तहत पालनाघर निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति दी गई है। स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू करने को लेकर केंद्र सरकार से करार करने का निर्णय लिया गया है। पंचायती राज विभाग में 675 लिपिक की बहाली पर मुहर लगी है। इसके अलावा सूबे के आठ जिलो में पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण से विद्यालय निर्माण हेतु 370 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।



## उत्तर प्रदेश में धार्मिक यात्राओं और जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर रहेगी रोक

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगामी दिनों में पवित्र श्रावण मास, परंपरागत कांवड़ यात्रा, नाग पंचमी, रक्षाबंधन, बकरीद, मुहर्रम आदि पर्व मनाए जाएंगे। प्रत्येक पर्व शांति और सौहार्द के बीच संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत सभी प्रयास किए जाएं। कांवड़ शिविर के स्थान पहले से चिह्नित हों, ताकि आवागमन बाधित न हो। इसके साथ ही योगी सरकार धार्मिक यात्राओं में हथियार प्रदर्शन पर भी सख्त है और इसके लिए उन्होंने निर्देश भी जारी किए हैं।

धार्मिक यात्राओं में हथियार प्रदर्शन को लेकर सीएम योगी ने कहा है कि धार्मिक यात्राओं व जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। हर दिन सायं काल पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करें। पीआरवी 112 एक्टिव रहे, अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। वहीं सीएम योगी ने कहा कि ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, पर्व-त्योहारों के मध्य बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए। अनावश्यक कटौती की शिकायत न आए। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि का प्रबंधन समय से कर लिए जाएं।




### इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप का शेड्यूल जारी, भारत करेगा मेजबानी

## विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला मैच

**नई दिल्ली/एजेंसी**

भारत में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। मुंबई में मंगलवार (27 जून) को एक कार्यक्रम में मैचों की आधिकारिक जानकारी दी गई। भारतीय टीम विश्व कप में अपना पहला मैच आठ अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया में खेलेगी। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, भारत का ग्रुप राउंड में पाकिस्तान से 15 अक्तूबर को महामुकाबला होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। हैदराबाद के अलावा गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम 29 सितंबर से 3 अक्तूबर तक अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे।




**टूर्नामेंट में खेलेंगी 10 टीमें :** इस विश्व कप में कुल 10 टीमें भाग लेंगी। आठ टीमें पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं और बाकी दो स्थानों के लिए जिम्बाब्वे में क्वालिफायर राउंड खेला जा रहा है, जिसमें सुपर सिक्स में छह टीमें पहुंच चुकी हैं। इनमें से दो टीमें भारत में होने वाले विश्व कप के मुख्य राउंड में भाग लेंगी।

### भारत को यह विश्व कप विराट के लिए जीतना चाहिए: सहवाग

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारतीय टीम को यह विश्व कप विराट कोहली के लिए जीतना चाहिए। यह ठीक वैसा ही है जैसे साल 2011 में भारत ने सचिन तेंदुलकर के लिए वनडे विश्वकप का खिताब जीता था। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए आईसीसी के एक इवेंट के दौरान सहवाग ने कहा कि हमने वह विश्व कप तेंदुलकर के लिए खेला था और जीता भी था और यह सचिन पाजी के लिए शानदार विदाई थी। अब विराट कोहली भारतीय टीम में उसी भूमिका में है, जैसे तेंदुलकर 2011 में थे। जिस तरह से वह बात करते हैं, दूसरे खिलाड़ियों का ख़्याल रखते हैं और जिस तरह के जुनून के साथ क्रिकेट खेलते हैं। वह ठीक वैसा ही है जैसा तेंदुलकर करते थे। हर कोई इस विश्व कप को विराट कोहली के लिए जीतना चाहता है। इस साल भारत 12 स्थानों पर विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसमें भारत अकेले लीग चरण में नौ स्थानों पर खेलेगा।

# नए पुल पर बनी सड़क में आने लगी दरार, कंपनी ने आनन फानन में की मरम्मत

- गंगा पुल की पीच पर दरार आने से निर्माण की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल
- भागलपुर व किशनगंज में पुल-पाया ध्वस्त होने से की जा रही तुलना

**केटी न्यूज/बक्सर**

भागलपुर में पुल तथा किशनगंज में पुल का पाया धंसने के बाद अब बक्सर में गंगा नदी पर बने नयें पुल की सड़क पर दरारें आने लगी हैं। एक जगह तो सड़क निर्माण में डाले गए मेटेरियल भी उखड़ गए। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही कंपनी वाले तत्काल इसकी मरम्मत करा दिए। लेकिन करोड़ो रूपए की लागत से बनी इस पुल की सड़क पर उदघाटन के दो महीने के अंदर ही दरारें आने पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग इसकी तुलना भागलुपर व किशनगंज की पुलों से करने के साथ ही इसके निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब करोड़ो की लागत से बनी पुल की सड़क पर दो महीने के अंदर ही दरारें आने लगी तब निकट भविष्य में सड़क या पुल के क्षतिग्रस्त होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता हैं। बता दें कि अभी दो महीना पहले ही इस पुल का उदघाटन किया गया था। तब लोगों को लगा था कि इस पुल के निर्माण से यूपी व बिहार के बीच व्यवसाय बढ़ेगा। परिवहन की सुविधा भी बढ़ेगी। लेकिन पुल में दरारें आने के बाद से आम लोगों के साथ ही व्यवसायियों के दिलों में भी शंका की दरारें आने लगी हैं। बता दें कि इस पुल का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी द्वारा 89 लाख रूपए की लागत से करवाया गया हैं।



**मरम्मत के बाद भी मौजूद है निशान :** बता दें कि इस पुल के एक बड़े दायरें में दरारें पड़ी थी। करीब ढाई से तीन फिटी तक पड़ी दरारों को कंपनी के अधिकारियों ने रातोंरात मरम्मत तो करा दिया लेकिन मरम्मत के बाद भी उसके निशान देखे जा सकते हैं। वही मरम्मत के पहले पुल पर पड़ी दरारों की तस्वीरें भी सोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सोसल मीडिया पर इसकी तस्वीरें लोग कर लोग इसे कमीशनखोरी व घटिया निर्माण से जोड़ कटाक्ष कर रहे हैं।

**बड़े तामझाम के साथ हुआ था पुल का उद्घाटन :** बता दें कि इस पुल का उद्घाटन बड़े तामझाम के साथ किया गया था। तब केन्द्र सरकार द्वारा इसे परिवहन तथा उद्योग क्रांति की शुरूआत बताया जा रहा था। इसका उद्घाटन केन्द्रीय पथ परिवहन मंत्री ने किया था। इस दौरान स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी मौजूद थे। तब इस पुल के कई फायदें गिनाए गए थे। इसे यूपी व बिहार को जोड़ने वाला बताया गया था। लेकिन पुल में दरार दिखनें के बाद अब लोग भी तल्ख सवाल करने लगे हैं। राजद नेता संतोष भारती, कांग्रेस के टीएन चौबे आदि ने इस पुल निर्माण में कमीशनखोरी तथा घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।

**मौसम की मार या घटिया निर्माण, किन कारणों से आई दरार :** इस पुल की पीच में आई दरारें कही भयंकर गर्मी की देन तो नहीं। बता दें कि पुल पर बनी सड़क कांफी उंची हैं तथा इसके निर्माण के पहले मिट्टी भरवाया गया था। वही सड़क निर्माण के बाद भयंकर गर्मी पड़ रही हैं। धूप भी काफी तल्ख हो रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि कही मौसम की मार से बेजार होकर तो उसमें दरारें नहीं पड़ी या फिर निर्माण में घटिया मेटेरियल का प्रयोग किया गया था। जांच के बाद ही इससे पर्दा उठ सकता हैं।

## आवागमन में खतरा नहीं



एसपी सिंगला कंपनी के डीपीएम विशाल ठाकुर ने बताया कि पुल के ऊपरी परत पर दरार आई थी जिसे दुरुस्त कर दिया गया हैं। फिलहाल पुल पर आवागमन में कोई खतरा नहीं हैं, कंपनी 5 साल तक छोटी-मोटी खराबी की मरम्मत करती रहेगी। इसके अतिरिक्त उनकी भार वहन क्षमता पुराने पुल से कई गुना अधिक हैं, ऐसे में पुल में दशकों तक कोई बड़ी खराबी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी कि आखिर किन कारणों से दरारें आई थी।

### माइनिंग विभाग के कर्मचारियों पर पुल से धक्का देने का लगाया आरोप

# सोन नद में डूबने से पटना के ट्रक ड्राइवर की मौत, चालकों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**



- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- घटना के बाद आक्रोशित ट्रक चालकों ने न्यू कोईलवर सिक्स लेन पुल को किया जाम



जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के न्यू कोईलवर सिक्स लेने पुल से सोन नदी में गिर कर एक पटना निवासी ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं स्थानीय लोगों व ट्रक चालकों ने माइनिंग वालों के द्वारा धक्का देने के कारण सोन नदी में डूबने से ट्रक ड्राइवर की मौत होने की बात बताई। घटना के बाद ट्रक चालकों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद ट्रक चालकों ने आरा-कोईलवर सिक्स लेन पुल को जाम कर दिया। पुल जाम होने के कारण पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। पुल जाम होने की सूचना पाकर स्थानीय थाना एवं बिहटा थाना घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझाने बुझाने में जुट गई। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों द्वारा सोमवार की रात से ही ट्रक चालक के शव की खोजबीन की जा रही थी। लेकिन सोमवार की रात सो नहीं मिल पाया था। स्थानीय लोगों के काफी कठिन परिश्रम करने के बाद करीब 9 घंटे बाद मंगलवार की सुबह उसका शव बरामद हुआ। वहीं, पुलिस के काफी मशक्कत करने के बाद करीब 8 घंटे बाद पुलिस ने सड़क जाम को हटाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**पटना घाट से बालू लोड कर जा रहे थे मधुबनी :** जानकारी के अनुसार मृतक पटना जिला के विक्रम थाना क्षेत्र के नगहर टोला गांव निवासी यमुना यादव का 33 वर्षीय पुत्र पिंटू यादव है एवं वह पेसे से ट्रक चालक था। इधर उसके ट्रक पर उसके साथ रहे ट्रक खलासी शैलेश कुमार ने बताया की वह अपने ट्रक पर पटना बालू घाट से बालू लोड कर मधुबनी जा रहे थे। जैसे ही उनकी ट्रक न्यू सिक्स लेन कोइलवर पुल पर पहुंचे। तभी माइनिंग अफसरों ने उनके ट्रक को घेर लिया। जिसके बाद अपनी जान बचाने को लेकर ट्रक ड्राइवर पिंटू यादव ट्रक से उतरा और पुल के डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी ओर जाने की कोशिश कर रहा था। उसी दरमियान माइनिंग अफसर वहां आ पहुंचे। उस दौरान उन दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। हाथापाई के दौरान माइनिंग वालो द्वारा उसे धक्का दे दिया गया। जिसके कारण वस्तु नदी पुल में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई।

**रेलिंग से अनियंत्रित होकर सोन नद में जा गिरा :** कोइलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि रात में सूचना मिली कि न्यू सोन ओवरब्रिज से एक व्यक्ति नीचे गिर गया। सूचना पाकर हम लोग वहां पहुंचे तो पता चला कि एक व्यक्ति पुल से नीचे गिर गया है। वहां के स्थानीय लोगों के माध्यम से उसकी खोजबीन की जा रही थी। खोजबीन के दौरान आज सुबह 5 बजे उसका शव मिल पाया है। मृतक के परिजन भी आए हुए हैं एवं वह पेशे से एक ट्रक चालक था। जानकारी मिली कि वह रेलिंग से अनियंत्रित होकर सोन नद में जा गिरा है और उसका शव बरामद हुआ है। संभवत पानी में डूबने से उसकी मौत हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि माइनिंग अपना रूटीन वर्क करती रहती है। लेकिन इस तरह का आरोप मीनिंग द्वारा है यह बेबुनियाद है। परिजन भी उस पर सहमति नहीं जता रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना पाकर हम लोग गए थे और वहां करीब दो घंटे रुके भी थे। मृतक के परिजन ने आवेदन देने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। अभी मामले की छानबीन की जा रही है।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं बकरीद : जिलाधिकारी

**आरा।** चांद के दृष्टिगोचर के अनुसार 29 जून को ईद-उल-जोहा (बकरीद) का त्यौहार को शांतिपूर्ण बनाने हेतु जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने शांति समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। जिला पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को कहां की त्योहार के अवसर पर हर हाल में शांति सद्भाव एवं कानून व्यवस्था कायम रहेगी। संप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले, संप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक उपद्रवी तत्वो पर पैनी नजर रखी जाएगी तथा विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मस्जिद ईदगाह में नमाज के वक्त विशेष रूप से सतर्कता बरतते हुए सुरक्षात्मक एवं निरोधात्मक करवाई करने हेतु विशेष टीम लगाया जाएगा तथा त्यौहार की सशक्त मॉनिटरिंग हेतु समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता भोजपुर/ जिला परिवहन पदाधिकारी, भोजपुर/ नगर आयुक्त आरा नगर निगम/ अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर सहित जिले के कई पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पति से झगड़े के बाद पत्नी ने खाया जहर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव में मंगलवार की दोपहर पति से झगड़े के बाद एक पत्नी ने जहर खा लिया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। महिला शाहपुर थाना क्षेत्र के कनैली गांव निवासी मधु साव की पत्नी रानी देवी है। महिला ने बताया कि उसका पति उसे पसंद नहीं करता है। उसने पटना के एक किन्नर से शादी कर ली है और पटना में ही उसी के साथ रहता है। वह उसे खर्चे के लिए रुपए भी नहीं देता है। वह चार माह की गर्भवती भी है। उसका पति बराबर उससे कहता है कि मुझे तुमसे कोई मतलब नहीं है। इसी बात पर गुस्से में आकर उसने विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दूसरी ओर उक्त महिला के पति मधु कुमार गुप्ता ने बताया कि उसने कोईलवर थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी रानी देवी से शादी वर्ष 2020 में की थी। उस समय वह पटना में बस चलाया करता था। तभी उसका एक्सीडेंट हो गया। जिसके बाद एक किन्नर ने उस समय उसकी जिंदगी बचाई थी और उसे इलाज के लिए 90 हजार रुपये भी दिए थे। ठीक हो जाने के उस किन्नर ने कहा कि मुझे पैसे नहीं चाहिए। मेरा कोई नहीं है तुम मेरे पास ही रहो। जिसके बाद उसने उससे शादी कर ली और पटना में एक मिठाई की दुकान खोल ली। मंगलवार को जब वह अपनी पत्नी के पास आया और 16 सौ रुपये खर्चे के लिए दे रहा था। तभी उसने कहा कि मुझे पैसा नहीं चाहिए मैं तुम्हारे साथ पटना चलूंगी। लेकिन उसने ले जाने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से लकड़ी चुनने पैदल जा रहे युवक की मौत

- इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। लकड़ी चुनने पैदल जा रहे युवक को एक ट्रैक्टर ने रौंद डाला।



उसमें गंभीर रूप से जख्मी युवक ने की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। मृत युवक सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी सोमरो मुसहर का 25 वर्षीय पुत्र राम सिद्ध मुसहर था। युवक की मां तेतरी देवी ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह लकड़ी चुनने के लिए पैदल चकिया गांव के बधार की ओर पैदल जा रहा था। उसी दौरान फतेहपुर गांव के समीप पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे गांव के ही स्थित ग्रामीण चिकित्सक के पास ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर नगर थाने के पुलिस अधिकारी पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक तीन भाई बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां तेतरी देवी, पत्नी रेशमी देवी, एक पुत्र गुड़फेकन और पुत्री आशा है। घटना के बाद में युवक घर में कोहराम मच गया है। मां तेतरी देवी और पत्नी रेशमी देवी सहित परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिहार में बढ़ते चिकन पॉक्स पर केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं: बीडीओ

- सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की प्रखंड प्रखंड स्तर पर टीबी कार्यक्रम की समीक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत और टीबी मुक्त पंचायत पहल के तहत वृहद् स्तर पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में सदर प्रखंड अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत अभियान की प्रगति के लिए सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपचंद जोशी ने कार्यक्रम की समीक्षा की। जिसमें करमपुर, जाशो व सारिमपुर क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों के साथ प्रखंड स्तरीय बैठक की। जिसमें बीडीओ ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत अधिक से अधिक प्रचार प्रसार की बात कही। बीडीओ ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान पंचायत स्तर तक अभियान को लेकर जाना है। जिससे पंचायत स्तर तक के लोगों को टीबी मुक्त अभियान में शामिल किया जा सके। इसके लिए पंचायत से लेकर जिलास्तर तक सहयोगी संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिसकी नियमित रूप से निगरानी की जाएगी। जिसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




**सर्वे पूरा करा कर लाभार्थियों की जांच सुनिश्चित कराएं :** बीडीओ दीपचंद जोशी ने कहा कि सदर प्रखंड के आईसीडीएस, ग्राम पंचायत मुखिया, नगर परिषद के वार्ड पार्षद, एएनएम, सीएचओ व आशा फैसलिटेटर मिलकर लोगों को जागरूक करें। जिससे लोग टीबी मुक्त पंचायत अभियान की महत्ता को समझ सकें। दोनों पंचायतों में आंगनबाड़ी सेविका व जीविका दीदियां घर-घर सर्वे करा कर टीबी के लक्षणों वाले मरीजों को चिह्नित करें और उन सभी लाभार्थियों की जांच सुनिश्चित कराएं। वहीं, जांच में टीबी की पुष्टि होते ही तत्काल उनका इलाज शुरू कर नियमित रूप से फॉलोअप करें। जिससे जल्द से जल्द उनको टीबी से मुक्त कराया जा सके।

**लाइन लिस्टिंग कर जांच कराने की तैयारी :** सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि आशा कार्यकताओं एवं एएनएम द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाइन लिस्ट तैयार कर सभी गर्भवती महिलाओं सभी गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को टीबी का जांच कराने की तैयारी की जा चुकी है। जिसके तहत माइक्रोप्लान तैयार किया जा रहा है। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस सिंह ने बताया कि समाज में टीबी कार्यक्रम की जागरूकता के साथ-साथ सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। जिनके माध्यम से जागरूकता रैली, जागरूकता सभा व प्रभात फेरी कर लोगों को कार्यक्रम के प्रति सशक्त एवं जागरूक बनाया जाएगा। इस क्रम में पंचायत प्रतिनिधि एवं नगर परिषद के वार्ड पार्षद सदस्यों द्वारा भी यह संकल्प लिया गया कि वे सभी अपने कार्यक्षेत्र को टीबी रोग से मुक्त कराएंगे।

बैठक में आरबीएसके एमओ डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, समेत आईसीडीएस, ग्राम पंचायत मुखिया, नगर परिषद के वार्ड पार्षद, एएनएम, सीएचओ शामिल रहें।

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे अमित



**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत सुमेरा निवासी एवं जिला प्रशासन के निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार अपने जिले एवं राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे बताते चलें कि देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ॰ अब्दुल कलाम आजाद के श्रद्धांजलि दिवस पर आयोजित 27 से 29 जुलाई को ख्वाब फाउंडेशन के द्वारा विश्वा युवा केंद्र चाणक्यपुरी नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कलाम युवा पुरस्कार 2023 से नवाजे जाएंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए सामाजिक कार्यों को बताएंगे और बिहार का प्रतिनिधित्व देश स्तर पर करेंगे अन्य अलग-अलग राज्यो आए हुए प्रतिनिधि को बताने का मौका मिला है बताते चलें कि अमित को ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्राप्त है और समय-समय पर अपने बिहार एवं जहानाबाद का एक अलग ही पहचान हैं, इस अवसर पर बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति स्वास्थ्य विभाग पटना युवा निदेशक श्री आलोक कुमार, परियोजना निदेशक बिहार पवन सौरव, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से सम्मानित शैलेश कुमार राय, राज्यसलाहकार लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बिहार प्रशांत कुमार ने बधाई दी।

### कार्यकताओं ने जोश के साथ सुना पीएम का संवाद



**जहानाबाद।** 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जहानाबाद में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत पूरे जिले के 13 मंडल एवं हर बूथ स्तर पर सारे कार्यकताओं ने जोश के साथ प्रधानमंत्री का संवाद सुना। कार्यक्रम में हर मंडल के लिए जिले के पदाधिकारी नियुक्त हुए एवं कार्यक्रम में शामिल हुए। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकताओं को बूथ विजय की शपथ दिलाते हुए संवाद में कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता है। आज मैं बूथ के कार्य करने वाले देश के दस लाख कार्यकताओं के साथ देश भर में संवाद कर रहा हूं। बूथ का नेतृत्व करने वाले लोगों का सम्मेलन इतिहास में पहली बार हुआ है। भाजपा के सभी कार्यकताओं का देश हित सर्वोपरि है। दल से बड़ा देश है जो बूथ होता है। वह अपने आप में बड़ी इकाई हैं। हमें कभी भी बूथ अध्यक्ष को छोटा नहीं समझना चाहिए। समाज में अपनी पहचान बनानी चाहिए। हम वह लोग हैं हर मौसम हर परिस्थिति में जनता के बीच जाकर खुद को खपाने वाले लोग हैं। बूथ कमेटी की ही देन है। उज्जवला गैस योजना जो हर गरीब के घर तक पहुंचा पीएम आवास योजना के अन्तर्गत गरीब को घर मिला, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब परिवार को पांच लाख तक का इलाज हुआ। पीएम ने कहा कि सारे घोटालेबाज एक ईमानदार को हटाने के लिए एक हो गए हैं, लेकिन मैं वचन देता हूं कि मैं इन सारे घोटालेबाजों को जेल के अंदर भेजने का काम करूंगा। आप ही हमारी ताकत है। रतनी नेहालपुर मंडल में जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सरकार के पास स्थिति में सुधार का रोडमैप नहीं



**जहानाबाद।** बिहार की शिक्षा व्यवस्था नीतीश-राजद सरकार में लगातार रसातल में जा रही है, गुणवत्ताविहीन शिक्षा के कारण आज बिहार से हजारों युवाओं का पलायन हो चुका है। लेकिन फिर भी बिहार सरकार के पास स्थिति में सुधार का कोई रोडमैप नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू करने से बिहार सरकार के हाथ खींचने और स्नातक प्रथम वर्ष नामांकन पर रोक लगाने के आदेश को कड़े शब्दों में निन्दा करती है, इस कदम से स्पष्ट हो गया है कि नीतीश-राजद सरकार प्रदेश के युवाओं के भविष्य को? लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। महामहिम राजेंद्र आर्लेकर के बिहार राज्यपाल के रूप में सकारात्मक प्रयासों पर बिहार सरकार अपनी दिशाहीनता के कारण रोड़े अटकाने का काम कर रही है। कॉलेज अध्यक्ष सौरव कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह मांग करती है कि नीतिश कुमार यह बताएं कि बिहार की गर्त में जा चुकी शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने के लिए वे क्या कर रहे हैं। आज बिहार में शैक्षणिक संस्थानों में बुनियादी ढांचे के अभाव, भारी संख्या में शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों की रिक्तियां, सत्र में विलंब, भारी भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहार के शिक्षा क्षेत्र में इन स्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है।

### टेहटा में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

**जहानाबाद।** मखदुमपुर अंतर्गत टेहटा बाजार स्थिति जिला परिषद की जमीन से लंबे समय के बाद आखिरकार अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। सीओ राकेश रोशन और ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश के नेतृत्व में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया। बता दें कि टेहटा बाजार स्थित मेन रोड पर अतिक्रमणकारियों द्वारा दर्जनों की संख्या में पक्का दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसके कारण टेहटा बाजार सहित कई इलाकों के नाले का पानी निकासी की समस्या पिछले कई वर्षों से लगातार उत्पन्न हो रही थी। सामाजिक कार्यकताओं ने सीओ से लेकर डीएम तक आवेदन देकर अवैध दुकान को हटाने की मांग की थी। सीओ ने कई बार अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों को नोटिस दिया गया था। बावजूद इसके दिन प्रतिदिन अतिक्रमण और अधिक बढ़ता जा रहा था। पिछले दिनों हुई बारिश से बरसात और नाले का पानी लोगो के घरों में घुस गया था। जिसके बाद सीओ ने 24 जून तक अतिक्रमण हटाने का अंतिम नोटिस दिया गया था, बावजूद इसके एक भी अतिक्रमणकारी नहीं हट, जसिके बाद सीओ ने अभियान चलाया।

## खबरें फटाफट

### अवैध असलहे के साथ नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**केसठ।** नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ गांव निवासी एक किशोर को सोसल मीडिया पर कट्टे के साथ फोटो डालना महंगा पड़ गया हैं। उस पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए नावानगर थानें व डीआईयू की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर केसठ गांव से एक अन्य युवक को पकड़ा गया। उसके घर से देशी कट्टा व कारतूस भी बरामद हुआ हैं। बता दें कि केसठ निवासी अशोक मिश्र का नाबालिग पुत्र कट्टे के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर डाला था। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया और पूछताछ किया तो उसने बताया कि केसठ के ही कृष्णा पासवान ने उसे कट्टा दिया था। जिसके बाद पुलिस कृष्णा के घर छापेमारी की। छापेमारी में उसके घर से एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने कृष्णा को भी गिरफ्तार कर लिया। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि युवक को जेल जबकि किशोर को बाल सुधार गृह भेजा जा रहा हैं।

### स्टेशन के टिकट काउंटर के समीप खड़ी बाइक चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के समीप खड़ी एक बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बाइक स्प्लेंडर प्लस जिसका नंबर बीआर 44 एल 9288 बताया जाता हैं। इस मामले में पीड़ित पुराना धर्मशाला स्टेशन रोड निवासी फिरोज अंसारी ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी हैं। बताया जाता है कि पीड़ित अपने रिश्तेदार को ट्रेन में छोड़ने बाइक से रेलवे स्टेशन गया था। रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के समीप बाइक को खड़ा कर प्लेटफार्म पर चला गया। जब उधर से लौटा तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो डुमरांव थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं।

### 2.5 लाख नगद व आभूषणों की चोरी

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बलबतरा मठिया गांव में बीती रात चोरों ने एक बंद घर में पिछले दरवाजे से प्रवेश कर एक बक्से में रखे 2.5 लाख नगद रूपए के अलावे आभूषणों की चोरी कर ली हैं। चोरी की यह वारदात सिअरसे यादव के घर हुई हैं। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि उनके बगल में एक भोज का आयोजन हुआ था। जिसमें पूरा परिवार शामिल हुआ था। घर में ताला बंद था। इसके देखते हुए चोरों ने पिछले दरवाजे को तोड़ घर में घुस चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया हैं। उन्होंने बताया है कि चोरों ने ढाई लाख रूपए नगर के अलावे सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिये हैं। सुबह में घर के बाहर उनके द्वारा फेंका गया कुछ सामान भी बरामद हुआ हैं।

## नव निर्वाचित मुख्य व उपमुख्य पार्षद के साथ सभी पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

# अस्तित्व में आई डुमरांव नप की सरकार, जनता की उम्मीदों पर अब खरा उतरने की रहेगी चुनौती



■ शपथ ग्रहण के बाद नयें चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने चहुमुंखी विकास का दिलाया भरोसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद के सभा कक्ष में मंगलवार को नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित चेयरमैन और उप चेयरमैन के साथ 35 वार्ड पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इसके साथ ही नगर परिषद की नई सरकार अस्तित्व में आ गई हैं। जिला उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद चेयरमैन सुनीता गुप्ता और उप चेयरमैन विकास कुमार ठाकुर ने शहर के चौमुखी विकास को लेकर संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने चेयरमैन और उप चेयरमैन को पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान नप के नवनिर्वाचित सदस्य काफी उत्साहित दिखें। नप के इओ ने कहा कि शहर का विकास आपसी तालमेल और सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ किया जायेगा।

### बदली नगर परिषद की तस्वीर



बता दें कि इस बार नगर परिषद चुनाव में मात्र एक पार्षद को छोड़ सभी पुराने पार्षदों को जनता ने नकार दिया है। जो नए निर्वाचित पार्षदों के लिए भी चेतावनी है। वहीं, चेयरमैन के साथ साथ उप चयेरमैन का चुनाव भी इस बार सीधे जनता के द्वारा किया गया हैं। जिस कारण शपथ ग्रहण के दौरान नगर परिषद की तस्वीर बदली बदली नजर आ रही थी। पिछले बोर्ड की बात करें तो सिर्फ पूर्व चेयरमैन भागमनी देवी ही नजर आ रही थी। इसके अलावे पक्ष व विपक्ष के एक भी पार्षद चुनाव जीतने में सफल नहीं हुए हैं। कुछ आरक्षण रोस्टर में फेल हो गए तो किसी को जनता ने नकार दिया हैं। हालांकि पूर्व पार्षद सोनू राय तथा एक अन्य पार्षद इस बार अपने परिजनों के सहारे प्रतिनिधि के रूप में जरूर देखें जाएंगे।

---

नप के सभागार में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभ मुहूर्त 12.30 में शपथ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। अधिकांश पार्षद समय से आधा घंटा पूर्व ही सभा कक्ष में पहुंच गये थे। इस दौरान डीडीसी ने कहा कि संविधान के मुताबिक पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद आप सबों का दायित्व बढ़ गया हैं। लोभ-लालच से परे होकर शहर के विकास में अपनी अहम भूमिका निभायें। वहीं एसडीएम कुमार पंकज ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में शहर के विकास के साथ जनता के सुख-दुख में सहभागिता निभाने की अपील की। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही।

परिसर से बाहर नवनिर्वाचित सदस्यों के समर्थकों की भीड़ लगी रही। मौके पर बीडीओ संतोष कुमार, अंचलाधिकारी अंकिता सिंह, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम के अलावे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में पार्वती देवी, प्रमिला देवी, चंदन कुमार, लक्ष्मण चौधरी, सहाबुद्दीन, धनंजय पांडेय, अनिता देवी, मो समीउल्लाह कुरैशी, तारा खातून, कन्हैया राम, उमेश गोस्वामी, पवन गोंड, राजेश सिंह, प्रियंका चौरसिया, मीना देवी, अनिल कुमार राय, निर्मला देवी, अनु कुमारी, श्याम कुमार, कंचन सिंह, महरून निशा, अमर कुमार, धीरेंद्र निराला, शाहीना परवीन, आनंद कुमार, मोसरत जहां, नीतू शर्मा, सुभद्रा देवी, विजय कुमार, भागमनी देवी, चंद्रावती देवी, संध्या देवी, मीरा देवी, धनजी कुमार और धनलगनी देवी के अलावे प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित अन्य उपस्थित थे।

### शपथ समारोह की तस्वीरें









## सभी ईदगाहों पर होगी मजिस्ट्रेट व पुलिस बलों की तैनाती: बीडीओ

**केटी न्यूज/राजपुर**



बकरीद पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ इंदुबाला सिंह, सीओ सोहन राम, अपर थानाध्यक्ष संजय पासवान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि नमाज के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी जायेगी। सभी ईदगाहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी। गांव में उपद्रव फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। चौकीदारों को भी निर्देश दिया गया है कि ऐसे लोगों को चिन्हित करें। फिलहाल विभिन्न गांव में 239 लोगों पर धारा 107 के तहत कार्रवाई करते हुए नोटिस भेजा गया हैं। पुलिस ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि लोग किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। अफवाह फैलाने वालों से भी पुलिस सख्ती से पेश आयेगी। लोग आपसी सौहार्द बनाकर रखें। सभी अपने-अपने धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए एक दूसरे का सम्मान करें। इसके लिए सभी बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधि अपने स्तर से भी मॉनिटरिंग करेंगे और पुलिस की मदद करेंगे।

## डुमरांव एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने तोड़ा अनिश्चितकालीन धरना

**केटी न्यूज/ नावानगर**

सोमवार को बियाडा की जमीन पर स्थित खेल मैदान के अस्तित्व को बचाने के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीणों का धरना देर शाम समाप्त हो गया। एसडीओ कुमार पंकज के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनके धरने को समाप्त कराया। इस दौरान डुमरांव विधायक डा अजित कुशवाहा भी मौजूद थे। प्रशासन की तरफ से एसडीओ के अलावे एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, नावानगर सीओ अजीत कुमार सिंह, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों व प्रशासन के बीच हुए समझौते के अनुसार खेल मैदान में आने-जाने के लिए दो गेट लगाए जायेंगे तथा किसी के आने-जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। खेल मैदान के बीच किसी तरह का कोई निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा। विभाग के उच्चस्तीय पदाधिकारियों से वार्ता कर खेल मैदान को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जायेगा। खेल



मैदान के बाद के हिस्से में ही बियाडा द्वारा घेराबंदी की जाएगी। बता दें कि 22 जून को बियाडा के प्रबंध निदेशक एवं सरकार के अपर सचिव संदीप पौंड्रिक के निर्देश पर प्रशासन द्वारा पुलिस बल के सहयोग से घेराबंदी का कार्य शुरू कराया गया था। जिसके खिलाफ ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। हालांकि समझौते के बाद ग्रामीणों व युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी।

## एक नजर

### जमीन विवाद में रणक्षेत्र बना लहना गांव, पांच जख्मी, दो की हालत गंभीर



**डुमरांव।** मंगलवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र का लहना गांव रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। जहां एक दबंग ने अपने भाई के परिवार तथा उनके घर आए रिश्तेदारों पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इस घटना में कुल पांच लोग जख्मी हैं, जिनमें दो की हालत नाजूक बनी हुई हैं। गंभीर रूप से जख्मी लोगों को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया हैं। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी भी पक्ष से एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। मिली जानकारी कि अनुसार लहना गांव का नारद चौरसिया मुंबई में रह प्राइवेट नौकरी करता हैं। गांव पर उसकी पत्नी मुन्नी देवी रहती हैं। नारद का भाई सुरेन्द्र चौधरी दबंग किस्म का आदमी है तथा वह नारद के हिस्सें वाली जमीन तथा तालाब पर भी जबरन कब्जा जमा रखा हैं। मंगलवार नारद की पत्नी की बहन आशा देवी तथा उसका पति जितेन्द्र चौरसिया बिहिया से आए हुए था। बातचीत के दौरान मुन्नी ने सुरेन्द्र की दबंगई की बात अपने रिश्तेदार को बता दी। जमीन तथा तालाब पर कब्जा जमाने की जानकारी होने पर आशा तथा जितेन्द्र उससे पंचायती करना चाहें। लेकिन इसी बात पर सुरेन्द्र आग बबूला हो गया तथा धारदार हथियार से इनलोगों पर हमला करने लगा। इस हमलें में मुन्नी देवी, हरेराम चौरसिया, जितेन्द्र चौरसिया तथा आशा देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि उसके साथ मारपीट करने आई सुरेन्द्र की पत्नी पुनीता देवी को भी मामूली चोटें आई है। जख्मियों में आशा देवी व हरेराम चौरसिया की हालत नाजूक बनी हुई हैं। जिन्हें रेफर कर दिया गया हैं। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र चौरसिया को हिरासत में ले लिया हैं। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा हैं। अभी तक किसी पक्ष का आवेदन नहीं मिला हैं। वैसे पुलिस इस मामलें की जांच कर रही हैं।

## भाजपा डुमरांव व ग्रामीण मंडल के कार्यकताओं ने देखा प्रधानमंत्री के मेरा बूथ सबसे मजबूत का लाइव प्रसारण

# लाइव प्रसारण के बाद बूथ कमिटि को और मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपने कार्यकताओं में उर्जा भरने तथा बूथ कमिटि को और मजबूत बनाने के लिए लाइव आकर उनका उत्साह वर्द्धन किए। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान डुमरांव नगर भाजपा व ग्रामीण मंडल की टीम ने अलग अलग जगहों पर समारोह आयोजित कर इस कार्यक्रम को देखा तथा अपने-अपने मंडल के सभी बूथ कमिटि को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने किया वही संचालन महामंत्री विजय कुमार उर्फ छोटू एवं रोहित सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के भाजपा के समर्पित कार्यकताओं से संवाद हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अगर कोई सफल नीति बनाता है तो इसमें बूथ स्तर की जानकारी की बहुत बड़ी ताकत होती हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष चुनमुन व ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि पीएम ने अपने संबोधन में बताया कि कैसे बूथ कमिटि को मजबूत किया जा सकता हैं। पीएम ने कहा कि भाजपा के लिए दल से बड़ा देश होता हैं। यही कारण है कि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती हैं। वही लाइव प्रसारण के बाद नगर कमिटि के अध्यक्ष ने कार्यकताओं को आज से ही अपने-अपने बूथ कमिटि को मजबूत बनाने को कहा और बताया कि प्रधानमंत्री के इस संबोधन के बाद कार्यकर्ता एक नई उर्जा से भर गए हैं। धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री संजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष सुनील सिद्धार्थ, पूर्व महामंत्री शक्ति राय, युवा मोर्चा के प्रांतीय कार्य समिति सदस्य दीपक यादव, जिला प्रवक्ता गोल्डेन पांडेय, नगर उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव राजू केशरी संतोष कुमार सिंह प्रेम कुमार मोहन केसरी पवन बजाज सुधीर कुमार विकास कुमार सोनू राय मंतोष सिंह रिंकू केसरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वही दूसरी तफर चाणक्यां कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल में ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया राजीव कुमार के नेतृत्व में इस लाइव प्रसारण को सुने। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातें हमेशा से ही प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एक एक बूथ को जीत 2024 में फिर से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत सरकार बनाएंगे।

# भोलेनाथ की स्थली महाहर धाम पहुंचे डीएम-एसपी, तैयारियों का लिया जायजा

❐ सावन के महीने में महाहर धाम में जुटती है श्रद्धालुओं की भीड़

**केटी न्यूज /गाजीपुर**



भगवान भोलेनाथ की स्थली महाहर धाम में सावन के महीने में काफी भीड़ होती है।र-दराज से लोग कांवड़ लेकर दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। दर्शन-पूजन करने वाले श्रद्धालुओं की इसी भारी भीड़ को देखते हुए तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को डीएम और एसपी महाहर धाम पहुंचे।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं कप्तान ओमवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था सहित साफ-सफाई की का निरीक्षण किया। मंदिर समिति के लोग सभी तैयारियों को पूरा करने में जोर-शोर से लगे हुए हैं। डीएम व एसपी ने बताया कि महाहर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद रहेगी। सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया जा चुका है। सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता जगह-जगह रहेगी। बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, पानी, प्रकाश, बैरियर, फायर ब्रिगेड, पुलिस, पीएसी सबकी व्यवस्था रहेगी। मालूम हो कि सावन मास के अवसर पर दो महीने तक महाहर धाम में दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहेगा। इसको ले प्रशासन तैयारियों में लगा हुआ है। इस मौके पर एडीएम अरूण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी अश्विनी पाण्डेय, प्रतिभा मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत, सीओ बलिराम, बीडीओ अरुण वर्मा, एडीओ नवीन सिंह, प्रमुख सीता सिंह, वीरेन्द्र सिंह, प्रवीण पटवा, रामनरायण यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**बकरीद व कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने किया रूट मार्च :** बकरीद और श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा व पूजा को शान्तिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी कासिमाबाद अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में पुलिस चैकी बहादुरगंज में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान नगर में त्योहारों को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ बहादुरगंज क्षेत्र के विभिन्न मार्गों एवं स्थलों पर रूट मार्च करने का निर्णय लिया गया। उपजिलाधिकारी ने नगर के लोगों से त्योहार को शांति पूर्वक माहौल में मनाने की अपील और कानून व्यवस्था का पालन करने का निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद बलराम ने क्षेत्र के लोगों से हर्षोल्लास के वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की बात कही।

**गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन मिसाल है नगर :** भाजपा नेता रामायण गुप्ता ने कहा कि हमारा नगर गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन मिसाल है और त्योहारों को सभी वर्गों के लोग मिल-जुलकर मनाते हैं। फैजान खान ने साफ-सफाई पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ लिपिक हरि प्रकाश, कनिष्ठ लिपिक इकबाल खान, चैकी प्रभारी बहादुरगंज आशुतोष शुक्ला, मौलवी हफीजुर्रहमान, अब्दुल्लाह राईनी, मनोज खरवार, नौशाद अयान, पिंटू राय, नुरुल्लाह अंसारी, सत्यप्रकाश बरनवाल, जफर अकील, सुरेश राय, अंजर शमीम, अजय राय, शकील अख्तर, अबुल्लैश खान, आफताब आलम, रिजवान, धनंजय कुमार, संतोष जायसवाल, गौरीशंकर बांसफोर, कंचन गिरि सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छपरा-वाराणसी रूट पर निरस्त व डायवर्ट ट्रेनों का परिचालन शुरू



**बलिया।** बलिया रेलवे स्टेशन होते हुए छपरा-वाराणसी रूट पर चलने वाली निरस्त व डायवर्ट सभी ट्रेनों का संचालन मंगलवार से शुरू हो गया। बीस दिन बाद सुचारू रूप से ट्रेनों के संचालन होने से यात्रियों को काफी राहत मिली है। बताते चलें कि औड़िहार स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद वाराणसी, औड़िहार, गाजीपुर, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा रूट में चलने वाली रेलगाड़ियों के संचालन के लिए मुख्य संरक्षा अधिकारी के निरीक्षण के बाद हरी झंडी मिल गयी है। अब छपरा औड़िहार छपरा, छपरा वाराणसी सिटी छपरा पैसेन्जर और बलिया प्रयागराज रामबाग बलिया और छपरा वाराणसी सिटी छपरा का पूर्व निर्धारित समय अनुसार संचालन होगा।

वहीं लम्बी दूरी की ट्रेनों छपरा, सूरत छपरा विशेष गाड़ी, आनन्द बिहार टर्मिनल रक्सौल एक्सप्रेस, ओखा नाहरलगुन विशेष गाड़ी, लोकमान्य तिलक टर्मिनल जयनगर एक्सप्रेस, बरौनी अम्बाला छावनी एक्सप्रेस, छपरा दिल्ली एक्सप्रेस, बलिया आनन्द बिहार टर्मिनल, लोक मान्य तिलक टर्मिनल जयनगर एक्सप्रेस, दुर्ग छपरा एक्सप्रेस, बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस, औडिहार स्टेशन से होकर निर्धारित समायानुसार चलेगी।

## सीएम पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत स्थल का चयन करेंगे जनप्रतिनिधि

# हर विधान सभा क्षेत्र में विकसित होगा एक पर्यटन स्थल, डीएम ने भेजा प्रस्ताव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजा है। इसके लिए सांसद बलिया/गाजीपुर, विधायक सैदपुर, सदर, जंगीपुर, जहूराबाद, जखनियां, मुहम्मदाबाद, जमानिया, सदस्य विधान परिषद गाजीपुर/वाराणसी खण्ड स्नातक, समस्त अध्यक्ष नगर पालिका/नगर पंचायत को पत्र प्रेषित कर जनपद में पर्यटन विकास के लिए स्थल का चयन कर प्रेषित करने की अपेक्षा की गई है। डीएम ने कहा कि इस योजना अंतर्गत चयनित स्थल के लिए जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना की नीति प्रेषित करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किया जाना है। जिले स्तर पर गठित वर्तमान में सक्रिय जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, जो मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजनाओं की मॉनिटरिंग, अनुश्रवण एवं समीक्षा जिले स्तर पर करेगी। पर्यटन विकास सहभागिता योजना की नीति प्रेषित करते हुए प्रस्ताव पर्यटन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाना है। पर्यटन विकास के लिए प्रस्तावक योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत के अंशदान की सहभागिता के साथ



जनप्रतिनिधिगण सांसद / विधायकगण /सदस्य विधान परिषद / अध्यक्ष जिला पंचायत / अध्यक्ष नगर पंचायत / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद / ग्राम पंचायत आदि के अतिरिक्त कोई भी सक्षम व प्रतिष्ठित व्यक्ति अथवा सरकारी / अर्द्धसरकारी / गैर सरकारी संस्था / संगठन प्रस्तावक हो सकेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत पर्यटक स्थल विकसित करने हेतु परियोजना न्यूनतम धनराशि रू० 25 लाख तथा अधिकतम पांच करोड़ तक होगी। जिसमें पर्यटन विभाग द्वारा विभागीय गाइडलाइंस / मार्गदर्शीय सिद्धांत से आच्छादित कार्य के लिए आंकलित परियोजना लागत धनराशि का अधिकतम 50 प्रतिशत का वित्तपोषण किया जाएगा तथा अवशेष 50 प्रतिशत का वित्तपोषण संबंधित क्षेत्र के सांसद (लोकसभा / राज्यसभा ) द्वारा स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत विधानसभा / विधान परिषद विधायक द्वारा विधायक निधि के अंतर्गत उनकी गाइड लाइंस / मार्गदर्शीय सिद्धांत के अनुसार 50 प्रतिशत का क्षेत्र के कन्वर्जेस प्रस्ताव दिया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त नगर निकायों, ग्राम पंचायतों द्वारा अपनी निधियों के अंतर्गत तथा पौराणिक व धार्मिक स्थलों की प्रबंधन समिति / ट्रस्ट ख्याति प्राप्त सवयंसेवी संगठन द्वारा अपनी निधियों तथा कारपोरेट फर्म, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अथवा निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा भी कन्वर्जेस प्रस्ताव दिए जा सकेंगे। उक्त प्रस्ताव के 50 प्रतिशत के वित्तपोषण की वचनबद्धता / सहमति पत्र विभाग द्वारा (निर्धारित प्रारूप पर) आगणन के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना होगा। उक्त योजना के अंतर्गत पर्यटन विकास हेतु निर्विवादित स्थल का चयन किया जायेगा, जहां कोई न्यायिक स्थगन,भूमि विवाद अथवा अन्य कोई सीमा व स्वामित्व संबंधी विवाद न हो। पर्यटन विकास हेतु सरकारी भूमि, रजिस्टर्ड पब्लिक सोसायटी / ट्रस्ट / धार्मिक / पौराणिक स्थल की सार्वजनिक उपयोग की भूमि,ग्रामसभा की भूमि अथवा अन्य किसी भी पर्यटन स्थल की सार्वजनिक उपयोग की अविवादित भूमि पर कार्य कराए जाएंगे। इस कार्य हेतु कोई निजी स्वामित्व की भूमि नहीं ली जायेगी, जब तक कि वह पब्लिक उपयोग अथवा सरकार के पक्ष में लीज / स्वामित्व में विधिवत न आ जाए। रूम, सामान चबुतरा, योजना के अंतर्गत जनसुविधाओं का विकास, पर्यटन परिसर की लैंडस्केपिंग, बैठने के लिए वेंचेज का निर्माण, रखने के लिए लाकर, पादुकाघर, गृह, स्टोर मार्गदर्शक संकेतक, जलपान रेलिंग, फेन्सिंग, बाउण्ड्रीवाल, परिसर के अंदर पाथवे व अन्य अनुमन्य सौंदर्यीकरण कार्य जैसे- पौराणिक थीम पर आधारित स्थापत्य, भित्ति चित्र, म्यूरल, फेस्को, परिसर के अंदर पार्किंग, गेट प्रकाश व्यवस्था पेयजल एवं शासनादेश में उल्लिखित विवरण के अनुसार कार्य कराए जा सकेंगे।

### ढाई करोड़ देगा पर्यटन विभाग तैयार कराया प्रोजेक्ट फाइल

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पर्यटन स्थल विकसित करने में पर्यटन विभाग हर तरह से सहयोग करेगा। प्रोजेक्ट का 50 फीसदी ढाई करोड़ तक पर्यटन विभाग देगा। प्रोजेक्ट की फाइल तैयार करने में सहयोग किया जाएगा। इसमें कोई भी व्यक्ति, संस्था, सरकारी, गैर सरकारी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इससे अधिक जानकारी के लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

## मामूली विवाद में पति ने पत्नी के गर्दन पर धारदार हथियार से किया हमला

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नागपुर गांव में मंगलवार को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति ने पत्नी के गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को आनन-फानन में सीएचसी रसड़ा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नागपुर गांव में मंगलवार के दिन पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। जिसमें पति देवेन्द्र राम ने अपनी पत्नी भागमनि देवी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे भागमनि देवी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। घटना के बाद भगवानी देवी का पति देवेंद्र राम भाग निकला। वहीं भागमनि देवी को ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने भागमनि देवी की स्थिति चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था।

# गृह कलह में पंखे से झूल गई विवाहिता

केटी न्यूज/गाजीपुर

मरदह थाने के बरही गांव में बीते सोमवार की रात प्रियंका यादव (23) पत्नी संजय उर्फ मुलायम यादव का शव पंखे में साड़ी के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुँची पुलिस की उपस्थित में दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि रोज की तरह प्रियंका अपने कमरे में बच्चियों के साथ सोई हुई थी।



परिवार के लोग अन्य कमरों में सोए थे। भोर में परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा देर तक नहीं खुला। आशंका पर परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की उपस्थित में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो पंखे से प्रियंका का शव लटकता हुआ मिला। पंखे से साड़ी के सहारे लटकते शव को नीचे उतारा गया।

बता दें कि संजय उर्फ मुलायम सुभाष यादव का इकलौता पुत्र है। उसकी दो पुत्रियों में एक की शादी हो चुकी है। घर पर घटना के समय संजय उर्फ मुलायम के अलावा उसके पिता सुभाष और माँ धनवती मौजूद थी। इनके रोने-बिलखने से गांव में मातम का माहौल हो गया। प्रियंका की दो अबोध बच्चियां स्वाति तीन माह व सौम्या डेढ़ साल की है। किसी को ऐसा आभास नहीं था कि प्रियंका ऐसा कदम उठा लेगी। ग्रामीणों ने घटना का कारण गृह कलह बताया है। घटना के बाद मौके पर जुटी महिलाओं के रोने-बिलखने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर सीओ कासिमाबाद बलिराम, मरदह थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा सहित बिरनो, कासिमाबाद सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई।

## जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों की बैठक संपन्न, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# नफरत छोड़ो भारत जोड़ो कार्यक्रम का चौपाल लगाएगी कांग्रेस

**केटी न्यूज /मऊ**

जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस कार्यालय बुनकर कॉलोनी में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी के नेता जिले के प्रत्येक गांव में जाकर एक चौपाल का आयोजन कर पार्टी के नीति के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और जनपद प्रभारी डॉ जनक



कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा को देखते हुए कार्यकर्ता गांव में जाकर संगठन को मजबूत करते हुए आमजन को भाजपा की अलोकतांत्रिक क्रियाकलाप को विस्तार से बताएं। जिससे उनके जनविरोधी किए गए कार्यों का पदार्फाश हो सके 2024 में विपक्ष एकजुट होकर लड़ने की तैयारी कर रहा है और शत-प्रतिशत है। कि कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनना सुनिश्चित है।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंतखाब आलम ने कहा कि नफरत छोड़ो भारत जोड़ो चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जनपद के सभी गांव में करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत ब्लॉक अध्यक्ष जिला सचिव के माध्यम से निगरानी करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। हमारे महासचिव व उपाध्यक्ष इन कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम जनता से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस कार्यक्रम के माध्यम से 2024 में सरकार बनाने में हम कामयाब होंगे।

जिला उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के क्रियाकलापों से देश की जनता ऊब चुकी है। वह कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता 2024 के लिए कमर कस चुके हैं और पूरा विपक्ष के साथ देश में सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला महासचिव विनोद कुमार नजीर अहमद, ब्रह्मानंद पांडे जिला सचिव रामकरण यादव, महेंद्र प्रताप सोनकर, शाहिद फारुकी, शिवाजी कनौजिया, संपत मौर्या, ओबेदुल्ला, मीना भारती, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनसा राजभर,अशोक राय के अलावा चंदू भाई, अरविंद कुमार राय, शशिकांत राय, सावित्री, स्वामी नाथ राय, प्रदीप तिवारी, सुभाष राम, अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बलिया।** इनर व्हील क्लब बलिया की अध्यक्ष सरिता गुप्ता को उनके सामाजिक कार्यों के लिये इनर व्हील क्लब की तरफ से 5 स्टार के साथ ही 6 पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इनके नेतृत्व में क्लब द्वारा कोरोना काल से लेकर अब तक किये गये सामाजिक कार्यों से बलिया को बेहतर ख्याति अर्जित हुई है। पुरस्कार लेकर बलिया आगमन पर क्लब की सदस्यों ने सरिता गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। क्लब की सदस्यों ने समवेत स्वर में इस खुशी के मौके पर हिप्प हिप्प हुर्रे बोलते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। ऑफिसर्स क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए सरिता गुप्ता ने कहा कि हमारे क्लब ने गरीब महिलाओं के स्वावलम्बन के लिये प्रशिक्षण देने के साथ ही सिलाई मशीन का वितरण किया। कैंसर पीड़ित को इलाज में सहयोग दिया। कहा कि हमारे चेयरमैन मैम का थीम जोश था। उनका मानना है कि सभी को समाज में हैप्पीनेस के साथ जीवन जीना चाहिये। इसी के आधार पर हम लोगों ने स्लम एरिया में बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिये विद्यालय को गोद लिया था, जिसके लिये पुरस्कार मिला है। कहा कि कैंसर पीड़ितों के इलाज कराने के लिये भी पुरस्कार मिला है। इस अवसर पर कविता सिंह, नीलम सिंह, नीलिमा सिंह, सुनीता सिंह, ऊषा पांडेय, प्रीति श्रीवास्तव, आरती अग्रवाल, विभा, सारिका सिंह, मधु श्रीवास्तव, कृष्णा मिश्र, आशा पांडेय, शैल अग्रवाल सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।



### चितरंजन सिंह को श्रद्धांजलि देने जुटे लोग

**बलिया।** पीयूसीएल के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह की तीसरी स्मृति दिवस के अवसर पर सुल्तानपुर में भारी संख्या में लोगों का जुटान हुआ। पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए उनके गांव में जिले भर से विभिन्न राजनीतिक दलों, बद्धिजीवी, पत्रकार और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय सैकड़ों लोग एकत्रित हुए थे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि चितरंजन सिंह ने जीवन पर्यंत मानवाधिकार, दबे कुचले और हाशिए के लोगों के लिए कई बड़े जनांदोलनों का नेतृत्व किया। उन्होंने घोषणा किया कि चौथी पुण्यतिथि बलिया और पांचवीं लखनऊ में मनाया जाएगा। कांग्रेस नेता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी पूरी कोशिश रहती है कि राजनीतिक जीवन में उनके आदर्शों को अपनाकर ही आगे बढ़ता रहूं। माले नेता मुनि सिंह ने कहा कि चितरंजन सिंह की दी हुई ऊर्जा से ही आज भी आंदोलनों को आगे बढ़ा रहा हूं। वरिष्ठ पत्रकार मोहन सिंह ने उनके संघर्षों के साथ बिताए 45 वर्षों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। पीयूसीएल के जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत सिंह ने उनकी स्मृतियों को याद करते हुए वर्तमान में चितरंजन सिंह की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। रेड स्टार के प्रदेश संयोजक कन्हैया शाही ने कहा कि वह जनसंघर्षों के लिए नई पीढ़ी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। बुद्धिजीवी और उनके संघर्षों के साथी डॉ. हरिमोहन ने बताया कि चितरंजन सिंह बलिया के गौरव थे जिनकी देश स्तर पर बड़ी पहचान थी।



### आश्रम के बच्चों संग मनाया मंत्री का जन्मदिन

**बलिया।** नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का जन्मदिन भाजपा कार्यकताओं ने बाल अनाथ आश्रम के बच्चों संग मनाया। कार्यकताओं ने केक काटकर बच्चों को खिलाया। इस दौरान कार्यकताओं ने बच्चों में कापी-किताब व अन्य सामग्री वितरित किया। बच्चे पठन-पाठन व खाने का सामान पाकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान अंकुर उपाध्याय ने कहा कि कुशल संगठनकर्ता दयाशंकर सिंह अपनी कर्मठता की वजह से आज प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अलग पहचान बनाए हैं। अपनी कार्यशैली की वजह से आज सरकार में भी उनका अलग स्थान है। जिला मंत्री अभिषेक सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर विधायक व मंत्री रहते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति का उद्धार कर रहे हैं। कार्यकताओं ने उनके जन्मदिन पर दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत तिवारी, मुन्ना कुमार, पिंटू गोड़, शक्ति सिंह, सत्यवीर पाठक, प्रमोद कुमार, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।



### बकरीद पर्व को ले शांति समिति की बैठक संपन्न

**बलिया।** अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा शंकर तिवारी द्वारा आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मंगलवार को सिकंदरपुर बलिया मार्ग स्थित मिलन वाटिका में पीस कमेटी के सदस्यों, क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों व पत्रकारो के साथ बैठक आयोजित कर सौहाद्रपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील किये। कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की कुबार्नी नही होगी वही प्रतिबंधित जानवरो की कुबार्नी नही होनी चाहिए। वही कुबार्नी ढक कर की जानी है। उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि आप लोग किसी भी त्योहार को मिलजुल मनाए आपस मे खुशियां बाँटे व नगर की सभी ब्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। किसी ने पानी की जमाव तो किसी ने विजली के खम्भे व तार टूटने व साफ सफाई की शिकायत की जिसपर उपजिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि समय से सभी कमियों को दूर कर लिया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, चौकी इंचार्ज रविन्द्र पटेल, नगर पंचायत बड़े बाबू सुनील कुमार, चेयरमैन पुत्र विजय जायसवाल, सूजीत मोदनवाल, डॉ आशुतोष गुप्ता, मिठाईलाल राजभर, नजरुल बारी, मोजम्मिल हुसैन, सुबहान रिजवी, फैयाज अंसारी फैजी, इम्तियाज अंसारी, बदरुद्दीन खाँ, अली अकबर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



### जिला जज व डीएम ने किया जेल का निरीक्षण

**मऊ।** जिला न्यायाधीश रामेश्वर, जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल परिसर स्थित रसोईघर के अलावा पुरुष एवं किशोर बैरक तथा कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय संयुक्त टीम द्वारा बंदियों के आपराधिक रिकॉर्ड, सजा की स्थिति तथा जमानत की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को ऐसे बंदियों को चिन्हित करने, जिनके पास वकील या जमानतदार नहीं है, उन्हें यथाशीघ्र यह सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। संयुक्त टीम द्वारा रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक को मीन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बंदियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। किशोर बैरक, जिसमें 18 से 21 वर्ष के बंदियों को रखा जाता है एवं जिसमें कुल 17 बंदी विभिन्न अभियोगो में बंद हैं, के निरीक्षण के दौरान सभी बंदी नियमानुसार निर्धारित उम्र सीमा के ही पाए गए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के साथ ही शासन द्वारा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।